प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज–राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के बिडला सभागार में–उल्लेखनीय काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सरकारी योजनाओं का लाभ जनजन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ काम करने को कहा ।
- इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आज–आपसी राजीनामे से निपटाये जायेंगे विभिन्न प्रकरण।
- इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स–आईफा 2025 समारोह आज से जयपुर में शुरू हो रहा है। आईफा का ये सिल्वर जुबली समारोह होगा।

00000

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज के दिन महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं से परे उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है। इस वर्ष की थीम है–'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण'। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। इसके बाद एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा होगी जिसमें तीन तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के नवसारी जिले में वानसी बोरसी गांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज संसद भवन परिसर में संविधान सभा की महिला सदस्यों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग भी अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के सहयोग से आज अखिल भारतीय महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन करेगा। प्रदेश में भी महिला दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है।

00000

केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से बहुत सी महिलाएं लाभान्वित हो रही है। इसी क्रम में बाडमेर जिले की झणकली ग्राम पंचायत की रहने वाली दुर्गा चारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की लाभार्थी हैं। उन्होंने इस योजना को किसानों के लिए वरदान बताते हुए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि महिलाएं केवल परिवार की धुरी ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला भी है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां कोई लैंगिक भेदभाव ना हो और महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता का पूरा उपयोग कर सके।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ काम करने को कहा है ताकि विकास के नये आयाम बन सके। उन्होंने कल जैसलमेर में जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का जरुरतमंदों को लाभ पहुंचा कर उनके आर्थिक जीवन स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल आज जैसलमेर के पोकरण परमाणु परीक्षण स्थल का निरीक्षण करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री बागडे लोक देवता बाबा रामदेव की समाधी के भी दर्शन करेंगे।

00000

इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आज आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत, हाईकोर्ट जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ और राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में लगाई जाएगी। लोक अदालतों के जरिये राजीनामे से विभिन्न विवाद निपटाए जायेंगे। सवाईमाधोपुर में इसके लिए जिला मुख्यालय और तालुका स्तर पर 10 बैंचों का गठन किया गया है।

00000

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स–आईफा 2025 समारोह आज से जयपुर में शुरू हो रहा है। आईफा का ये सिल्वर जुबली समारोह होगा। 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड' थीम पर हो रहे इस आयोजन में बॉलीवुड के दिग्गज सितारे शिरकत करेंगे। समारोह के पहले दिन आज डिजिटल अवॉर्ड्स दिये जायेंगे। डिजिटल अवॉर्ड्स पहली बार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें ओटीटी सितारों को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं कल आईफा अवॉर्ड्स का मुख्य समारोह होगा।

00000

प्रदेशभर में फाग का रंग छाया हुआ है। जगह–जगह फागोत्सव आयोजित किये जा रहे है। पर्यटन विभाग की ओर से कल से बृज क्षेत्र में होली महोत्सव के आयोजन शुरू होंगे। कल डीग में होली का उत्सव मनाया जायेगा। इसी तरह दस मार्च को कामां और 11 मार्च को भरतपुर में उत्सव का आयोजन होगा। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां होली का धमाल चरम पर है, जहां एक ओर मंदिरों में फूलों की होली खेली जा रही है। वहीं बाजारों में रंग, अबीर और गुलाल की दुकानें सज चुकी है।

00000

जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भी होली उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उत्सव में सौ से ज्यादा कलाकार भजनों और शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां दे रहे है। 10 और 11 मार्च को फूलों की होली खेली जाएगी।

00000